LCAL
*ACHIEVING NEW HEIGHTS*

# Lords Chloro Alkali Limited

A-263, IInd Floor, Defence Colony, New Delhi-110 024
Phones :+91-11-46865999, 41627937
Fax :+91-11-46865930
Web : www.lordschloro.com
E-mail : contact@lordschloro.com

**Date: 17th May, 2018**

**To,**
**The General Manager,**
**BSE Limited,**
**Phiroze Jeejeebhoy Towers**
**Dalal Street, Fort,**
**Mumbai 400 001**

**BSE Scrip Code: 500824**

**Sub: Submission of newspaper advertisements as per Regulation 47 of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015.**

Dear Sir,

Pursuant to the provisions of Regulation 47 of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, we are enclosing herewith the copies of the newspaper advertisements published in the English and Hindi newspaper for Standalone Audited Financial Results of the Company for Year ended on 31st March, 2018.

Kindly take the above in your record.

Yours faithfully
**For Lords Chloro Alkali Limited**

**Dipendra Chaudhary**
**Company Secretary**

Registered Office : SP-460, Matsya Industrial Area, Alwar-301030 (Rajasthan)
Phone : 0144-3202817 Fax : 0144-2881360

NTPC Limit
www.ntpctender.c
1005/NIT/2018/
www.ntpc.co.in. All corrige
agenda/ addendum/ amendmen
extensions/ clarifications, etc
tender will be hosted on above
(s) only and will not be publishe
other media. Bidders should r
visit above website(s) to
themselves updated.
In case of any query please
AGM (Contracts) or AGM (Purch
Contracts & Purchase S
respectively on phone nu
**Contracts:** 05446-247216/ 2
20/247224/247227/247207 (Te
05446-242110) and **Purchase:**
247223/247192/247191/24720
9/247185 (Tele Fax: 05446-2420
**Registered Office:** NTPC B
SCOPE Complex, 7, Institution
Lodi Road, New Delhi-11
CIN: L40101DL1975GOI00796
Leading the Power S

Coal India Lin
(A Maharatna Com
Notice for Global Pre-
**1. Global e-Tender No. C**
**15CuM/R-70 dated 08.0**
**2. Item Description:** Pre-
Procurement of 15 CuM H
shovels. **3. Date and Venue of**
12.06.18 from 12:30 PM at C
Limited, Coal Bhawan, K
**4. Tender Document:** The
tender documents can c
downloaded from Coal India
website **(www.coalindia.in)**,
Public Procurement
**(www.eprocure.gov.in**
CIL's e-Procurement
**(http://coalindiatenders.nic.**
necessary details may be seen
tender document available on t
websites.
General Manager (M

भारतीय विमानपत्तन प्रा
AIRPORTS AUTHORITY
TENDER NOTICE
Tender ID No. 2018_AAI_1064
Airports Authority of India invites
tenders through E-tendering port
Manager (Engg-Civil), LBSI Airport, V
behalf of Chairman, AAI from eligible
for the work of **"Expansion of Apron**
**code 4C type of Aircrafts at LBS**
**Varanasi"** for an estimated cost of
**Lakhs** with a period of completion a
**months** [including one month cons
rains of year 2018 monsoon season].
Last date & time of submission of bid d
**30.05.2018 upto 1800 hours.** Fo

# LORDS CHLORO ALKALI LIMITED

**CIN : L24117RJ1979PLC002099**
**REGD. OFFICE : SP-460 MATSYA INDUSTRIAL AREA, ALWAR - 301030 (RAJASTHAN)**
**CORPORATE OFFICE : A - 264, FIRST FLOOR, DEFENCE COLONY, NEW DELHI - 110024**
**Tel. : +91-11-46865999, 41627937, Fax : +91-11-46865930 Email : secretarial@lordschloro.com Web: www.lordschloro.com**

## EXTRACT OF AUDITED STANDALONE FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER & PERIOD ENDED 31st March, 2018

(₹ In Lakhs)

| PARTICULARS | QUARTER ENDED 31-03-2018 (AUDITED) | YEAR ENDED 31-03-2018 (AUDITED) | QUARTER ENDED 31-03-2017 (UN-AUDITED) |
|---|---|---|---|
| Total income | 5,646.65 | 17,005.85 | 4,305.21 |
| Net Profit / (Loss) for the period (before Tax, Exceptional and/or Extraordinary items) | 578.41 | 1,461.17 | 200.54 |
| Net Profit / (Loss) for the period before tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | 578.41 | 1,461.17 | 200.54 |
| Net Profit / (Loss) for the period after tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | 266.64 | 847.21 | 74.89 |
| Total comprehensive income for the year [(comprising profit/ (Loss) for the year and other comprehensive income (after tax))] | 226.71 | 815.63 | 77.67 |
| Paid up Equity Share Capital (face value of Rs. 10/- each) | 2,515.39 | 2,515.39 | 2,515.39 |
| Earnings per share (of Rs. 10/- each) (for continuing operations) : | | | |
| a) Basic | 0.90 | 3.24 | 0.31 |
| b) Diluted | 0.90 | 3.24 | 0.31 |

**Notes :**

a) The above is an extract of the detailed format of the audited financial results for the quarter & year ended on 31st March, 2018 filed with the Stock Exchange under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligation and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Audited 4th quarter & year ended Financial Results are available on the stock exchange website, www.bseindia.com and on the Company website www.lordschloro.com.

b) The above results, as reviewed by the Audit Committee, have been approved by the board of Directors in their meeting held on 16th May, 2018.

c) The Company has adopted Indian Accounting Standard (Ind AS) with effect from 01 April 2017 and accordingly these audited standalone quarterly financial results for the quarter and year ended 31 March 2018 have been prepared in accordance with the recognition and measurement criteria laid down in (Ind AS) prescribed under Section 133 of the Companies Act, 2013 read with relevant rules issued thereunder.

d) According to the requirement of IndAS and SEBI (Listing Obligation & Disclosure requirements) regulations, 2015., revenue for the corresponding previous for the quarter ended 31st March 2017 and year ended 31st March 2018 are reported inclusive of Excise Duty. The Government of India implemented Goods & Service Tax (GST) from 01st July, 2017 replacing Excise Duty, Service Tax and various other indirect taxes. As per IndAS 18 - Revenue, The reveune of quarter ended 31st March, 2018 is reported net of GST. Had the previously reported revenues been shown net of excise duty, comparative revenues of the company would have been as follows.

| PARTICULARS | QUARTER ENDED 31-03-2018 (AUDITED) | YEAR ENDED 31-03-2018 (AUDITED) | QUARTER ENDED 31-03-2017 (UNAUDITED) |
|---|---|---|---|
| | | QUARTER ENDED | |
| Total Income (net of excise duty) | 5,646.65 | 16,594.74 | 3,806.24 |

Place : New Delhi
Date : 16.05.2018

FOR LORDS CHLORO ALKALI LIMITED
Sd/-
Ajay Virmani
(Managing Director)
DIN: 00758726

CAN FIN HOMES LTD.

## सार समाचार

### उ. कोरिया का वार्ता स्थगित करने का निर्णय खेदजनक

**सोल, रायटर।** दक्षिण कोरिया के एकीकरण मंत्रालय ने कहा है कि उत्तर कोरिया का दोनों कोरियाई देशों के बीच मंत्रिमंडलीय स्तर की वार्ता को स्थगित करने का निर्णय खेदजनक है और यह अप्रैल में दोनों देशों के बीच किये गये वायदे के खिलाफ है। मंत्रालय के प्रवक्ता बैक ते-ह्युन ने बयान में कहा, 'अमेरिका-दक्षिण कोरिया के बीच वार्षिक संयुक्त हवाई युद्धाभ्यास का हवाला देकर उत्तर कोरिया का दोनों कोरियाई देशों के बीच होने वाली उच्च स्तरीय वार्ता को एकतरफा स्थगित करने का निर्णय खेदजनक है। यह पनमुनजोम के शिखर सम्मेलन की घोषणा के खिलाफ है।' श्री ह्युन ने उत्तर कोरिया से बातचीत के मार्ग पर दोबारा लौटने की अपील की। इस आशय का बयान उत्तर कोरिया के पास भेजा जाएगा।

### सुरक्षा सहयोग पर चीन में एनएसए की बैठक

**बीजिंग, भाषा ।** भारत के उप राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार राजिंदर खन्ना सुरक्षा सहयोग पर चर्चा करने के लिए अगले सप्ताह चीन में होने वाली , एससीओ एनएसए की बैठक में भाग लेंगे। चीनी शहर किंगदाओ में नौ जून से 10 जून तक आठ देशों के समूह शंघाई सहयोग संगठन ( एससीओ ) के होने वाले सम्मेलन के मद्देनजर एनएसए की बैठक आयोजित की जा रही है। इस सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी शामिल होंगे। पिछले वर्ष एससीओ में भारत और पाकिस्तान को पूर्ण सदस्यों के रूप में शामिल किये जाने के बाद समूह का यह पहला सम्मेलन होगा। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लु कांग ने आज घोषणा की कि चीन के जन सुरक्षा मंत्री और स्टेट काउंसिलर झाओ केजी के निमंत्रण पर एससीओ राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सचिवों की 13 वीं बैठक बीजिंग में 21 मई से 22 मई तक आयोजित की जायेगी। बैठक में सदस्यों के बीच सुरक्षा सहयोग को सुधारने पर चर्चा की जायेगी। बैठक के दौरान सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की जायेगी और सुरक्षा सहयोग के लिए प्राथमिकताओं पर विचार - विमर्श किया जायेगा। घोषणा में कहा गया है कि भारत का प्रतिनिधित्व उप राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार खन्ना करेंगे।

विश्व समाचार / कूटनीति

# उ.कोरिया के साथ शिखर वार्ता की तैयारी कर रहा है अमेरिका

**वाशिंगटन ■ भाषा**

अमेरिका ने आज कहा कि वह राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन के बीच होने वाली बैठक की तैयारियों में लगा है। उत्तर कोरिया ने इस ऐतिहासिक शिखर वार्ता को रद्द करने की धमकी देते हुए आरोप लगाया कि अमेरिका परमाणु निरस्त्रीकरण पर उसे ''अलग-थलग'' करने की कोशिश कर रहा है। उत्तर कोरिया की सरकारी समाचार एजेंसी केसीएनए ने एक बयान में कहा कि उत्तर कोरिया अपने परमाणु कार्यक्रम को एकतरफा तरीके से बंद करने के बदले में अमेरिका की ओर से वित्तीय सहायता को कभी स्वीकार नहीं करेगा।

सिंगापुर में 12 जून को होने वाली बैठक में दोनों देशों की अपनी सीमा पर सैन्य तनाव कम करने के हाल के समझौतों को लागू करने के तरीकों तथा अपने संबंध सुधारने पर चर्चा करने की संभावना थी। इन रिपोर्टों पर प्रतिक्रिया करते हुए व्हाइट हाउस ने कहा कि उत्तर कोरिया ने जो कहा है उसपर वह स्वतंत्र रूप से विचार करेगा। विदेश विभाग ने कहा कि वह शिखर वार्ता की तैयारियां कर रहा है। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव सारा सैंडर्स ने कहा कि अमेरिका इस संबंध में मीडिया रिपोर्टों से अवगत है।



सैंडर्स ने कहा, ''उत्तर कोरिया ने जो कहा उसपर अमेरिका स्वतंत्र रूप से विचार करेगा और अपने सहयोगियों के साथ करीबी सहयोग करना जारी रखेगा।''

विदेश विभाग ने कहा कि वह शिखर वार्ता की तैयारियां कर रहा है और दक्षिण कोरिया तथा अमेरिका के बीच चल रहे अभ्यासों पर उत्तर कोरिया ने एक भी शब्द नहीं कहा है। विदेश विभाग की प्रवक्ता हीथर नोर्ट ने कहा कि किम ने पहले संकेत दिए थे कि वह दक्षिण कोरिया के साथ लंबे समय से नियोजित संयुक्त अभ्यास जारी रखने की अमेरिका की जरुरत और उद्देश्य को समझते हैं। उन्होंने पत्रकारों ने कहा, ''हमने उस सरकार या दक्षिण कोरिया सरकार से कुछ भी नहीं सुना जो यह संकेत दे कि हम ये अभ्यास ना करें या हम राष्ट्रपति ट्रंप और किम जोंग उन के बीच अगले महीने होने वाली बैठक की तैयारी ना करें।'' पेंटागन के प्रवक्ता कर्नल रॉब मैनिंग के अनुसार, दक्षिण कोरिया और अमेरिका के सैन्य बल अभी दक्षिण कोरिया-अमेरिका वार्षिक अभ्यास में व्यवस्थ हैं। विदेश विभाग ने इन आरोपों को खारिज किया कि ये अभ्यास उकसाने वाले हैं। केसीएनए ने उत्तर कोरिया के हवाले से कहा कि उसके इस कदम के पीछे की वजह अमेरिका और दक्षिण कोरिया के बीच चल रहा सैन्य अभ्यास है। उसने कहा, ''संयुक्त अभ्यास अमेरिका और दक्षिण कोरिया के अचल रूख को दर्शाता है ताकि वह उत्तर कोरिया के खिलाफ अधिकतम दबाव बना सके और प्रतिबंध लगाए रखे।'' इस बीच, उत्तर कोरिया ने इन सैन्य अभ्यासों के कारण दक्षिण कोरिया के साथ होने वाली उच्च स्तरीय बैठक भी रद्द कर दी। उत्तर कोरिया ने कोरियाई देशों के बीच बातचीत विफल होने और उत्तर-दक्षिण कोरिया संबंध खराब होने के लिए दक्षिण कोरिया प्रशासन को ''पूरी तरह से जिम्मेदार'' ठहराया। बयान में कहा गया है, ''अमेरिका को दक्षिण कोरिया के साथ मिलकर उत्तर कोरिया के खिलाफ उकसावे की सैन्य कार्रवाई करने से पहले अब डीपीआरके-अमेरिका शिखर वार्ता के भविष्य के बारे में दो बार सोचना होगा।''

## फेसबुक ने 58.3 करोड़ फर्जी अकाउंट बंद किये

**पेरिस, एएफपी।** विश्व की प्रमुख सोशल नेटवर्किंग साइट फेसबुक ने 2018 के पहले तीन महीने में 58.3 करोड़ फर्जी अकाउंट बंद किये हैं। फेसबुक ने इसके अलावा बताया कि वह उन भड़काऊ या हिंसक चित्र , आतंकवादी दुष्प्रचार अथवा घृणा फैलाने वाले अकाउंट के खिलाफ किस प्रकार कदम उठा रहा है जो ' सामुदायिक मानकों ' के खिलाफ हैं। कैंब्रिज एनालिटिका डाटा कांड के बाद पारदर्शिता की दिशा में कदम उठाते हुए फेसबुक ने कल कहा कि हर दिन लाखों फर्जी अकाउंट बनाने की कोशिश को रोकने के लिए उसने यह कदम उठाया हैं। समूह ने बताया कि इसके बावजूद कुल सक्रिय अकाउंट की तुलना में 3-4 प्रतिशत फर्जी अकाउंट अभी तक हैं। इसके अलावा इस अवधि में 83.7 करोड़ पोस्ट को हटाया गया।

फेसबुक ने पहली तिमाही में भड़काऊ या हिंसक चित्र , आतंकवादी दुष्प्रचार अथवा घृणा फैलाने वाली करीब तीन करोड़ पोस्ट पर चेतावनी जारी की। फेसबुक ने 85.6 प्रतिशत मामलों में उपयोगकर्ताओं के सतर्क करने से पहले ही फेसबुक ने आपत्तिजनक चित्रों का पता लगा लिया। इसके अलावा कंपनी ने कहा कि करीब 200 एप को सोशल मीडिया प्लेटफार्म से हटा दिया , जिनके बारे में डाटा के दुरूपयोग का पता चला था। फेसबुक की विषय सामग्री के बारे में अन्य शब्दों में कहा जाए तो देखी गयी प्रत्येक 10 हजार विषय सामग्री में से 22 से 27 में ग्राफिक हिंसा मौजूद थी। कंपनी ने बताया कि फेसबुक ने आतंकवादी दुष्प्रचार से संबंधित एक करोड़ नब्बे लाख पोस्ट के खिलाफ कार्रवाई की।

## तुर्की ने इस्राइली दूत को निकाला

**इस्तांबुल, एएफपी।** तुर्की ने इस्तांबुल में मौजूद इस्राइल के महावाणिज्य दूत से कुछ वक्त के लिए देश से चले जाने को कहा है। गज़ा सीमा पर फलस्तीनियों पर इस्राइल की गोलीबारी के बाद एक दूसरे के राजनयिकों को निकालने से संकट और गहरा रहा है। सरकारी समाचार एजेंसी ' अनादोलू' ने बताया कि तुर्की के विदेश मंत्रालय ने दूत से कुछ वक्त के लिए तुर्की से चले जाने के लिए कहा है। तुर्की ने तेल अवीव में अपने राजदूत को मशविरे के लिए बुला लिया है और इस्राइल के राजदूत को वापस जाने को कहा है।

इस्राइल ने येरूशलम में तुर्की के दूत को देश छोड़ने के लिए कहा है और इसके लिए कोई वक्त का जिक्र नहीं किया है। तुर्की ने गज़ा सीमा पर इस्राइली बलों द्वारा सोमवार को 60 फलस्तीनियों की हत्या पर रोष जताया था और तनाव के लिए अमेरिका के तेल अबीब से अपने दूतावास को येरूशलम ले जाने के फैसले को जिम्मेदार बताया है। राष्ट्रपति रजब तैयब एर्दोआन शुक्रवार को इस्तांबुल में इस्लामी सहयोग संगठन की आपात बैठक की मेजबानी करेंगे। उन्होंने कहा कि यह बैठक मुद्दे पर दुनिया को कड़ा संदेश देगी।

## हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन के इरादे ठीक नहीं : पेंटागन

**वाशिंगटन ■ भाषा**

ट्रंप प्रशासन ने कहा है कि भारत - प्रशांत क्षेत्र में चीन के रणनीतिक इरादे अस्थिरता पैदा करने वाले हैं। इसके साथ अमेरिका ने क्षेत्र को मुक्त बनाए रखने के प्रति अपना संकल्प दोहराया। एशियाई और प्रशांत सुरक्षा मामलों के सहायक रक्षा मंत्री रैंडल श्राइवर ने कांग्रेस की सुनवाई के दौरान सांसदों से कहा कि अमेरिका चीन के साथ रचनात्मक , परिणामोन्मुखी संबंधों पर जोर देता रहेगा लेकिन वह उन नीतियों या गतिविधियों को स्वीकार नहीं करेगा जिनसे अंतरराष्ट्रीय नियम - आधारित आदेश के कमजोर पड़ने की आशंका पैदा होती है। उन्होंने कल कहा कि अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था को आकार देने में अन्य देशों की तरह चीन की भी आवाज होनी चाहिए। हालांकि , हाल के वर्षों में , चीनी सामरिक इरादों से हम चिंतित हैं।

उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में कुछ गतिविधियां ऐसी हैं जिन्हें हम अस्थिर ता फैलाने वाले और उलटा प्रभाव डालने वाले के तौर पर देखते हैं। उन्होंने कहा , हम उस आदेश के लिए खड़े होंगे और उसका बचाव करेंगे , और हम ऐसा करने के लिए दूसरों को भी प्रोत्साहित करेंगे।

## भारत-फ्रांस रेल सहयोग करार को कैबिनेट की मंजूरी

**नई दिल्ली ■ वार्ता**

सरकार ने भारत एवं फ्रांस के बीच रेलवे के क्षेत्र में सहयोग के समझौते को आज स्वीकृति दे दी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल की आज यहां हुई बैठक में भारतीय रेल और फ्रांस की सरकारी कंपनी एसएनसीएफ मोबिलिटिज़ के बीच रेलवे के क्षेत्र में तकनी की सहयोग के समझौता ज्ञापन से अवगत कराया गया जिस पर फ्रांस के राष्ट्रपति एमानुएल मैक्रों की यात्रा के दौरान 10 मार्च को हस्ताक्षर किए गए थे।

इस करार के तहत रेलवे के क्षेत्र में ज्ञान और विकास से जुड़ी नवीनतम जानकारियों को साझा करने के लिए भारतीय रेलवे को एक मंच उपलब्ध कराया गया है। इसके जरिए तकनीकी विशेषज्ञता, रिपोर्ट और तकनीकी दस्तावेज के आदान-प्रदान को सुगम बनाने तथा विशेष किस्म की प्रौद्योगिकी पर केंद्रित प्रशिक्षण और संगोष्ठियों तथा कार्यशालाओं का आयोजन और जानकारियों को साझा करना सुगम बनाया गया है।

इसके माध्यम से जिन प्रमुख क्षेत्रों में सहयोग की रूपरेखा तय की गयी है, उनमें हाईस्पीड और सेमीहाईस्पीड वाली रेल सेवाएं, रेलवे स्टेशनों का उन्नयन और परिचालन, मौजूदा रेल परिचालनों और ढांचागत संरचनाओं का आधुनिकीकरण और उपनगरीय रेल शामिल हैं। मंत्रिमंडल ने स्वास्थ्य और औषधि के क्षेत्र में सहयोग के लिए भारत और स्वाजीलैंड के बीच एक माह पहले हुए करार को भी मंजूरी दी। इस पर नौ अप्रैल को राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की यात्रा के दौरान हस्ताक्षर किए गये थे।

करार में शामिल किए गये सहयोग के क्षेत्रों में दवा और फार्मास्युटिकल उत्पाद, चिकित्सा संबंधी उत्पाद, चिकित्सा अनुसंधान, चिकित्सा उपकरण, सार्वजनिक स्वास्थ्य, संचारी रोग नियंत्रण और निगरानी, स्वास्थ्य पर्यटन और आपसी हित का कोई अन्य क्षेत्र शामिल किया गया है। समझौते के कार्यान्वयन की निगरानी के लिए एक कार्यदल स्थापित किया गया है। मंत्रिमंडल ने पारंपरिक चिकित्सा प्रणाली के क्षेत्र में भारत और इक्वाटोरियल गिनी के बीच सहयोग के लिए करार को भी पूर्व प्रभाव से मंजूरी दी। इस पर आठ अप्रैल को हस्ताक्षर किए गए थे। इस समझौता ज्ञापन से दोनों देशों के बीच पारंपरिक चिकित्सा प्रणाली के क्षेत्र में सहयोग को बढ़ावा मिलेगा।

बैठक में भारत की परम्परागत औषधि प्रणालियों पर सहयोग स्थापित करने के लिए भारत और कोलंबिया के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर को भी मंजूरी दी गयी। इससे कोलंबिया में भारत की परम्परागत औषधियों का प्रचार और प्रसार होगा। मंत्रिमंडल ने खनन एवं भूविज्ञान के क्षेत्र में भारत और मोरक्को के बीच सहमति पत्र पर हस्ताक्षर किए जाने को पूर्वव्यापी मंजूरी दी। समझौते पर 11 अप्रैल को नयी दिल्ली में हस्ताक्षर किए गए थे।


कारपोरेट हलचल / कंपनियां / बैंक

# सेंसेक्स में 156 अंकों की गिरावट

**मंबई ■ वार्ता**

वैश्विक स्तर से मिले नकारात्मक संकेतों के साथ ही घरेलू स्तर पर कर्नाटक विधानसभा चुनावों में केन्द्र में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी को बहुमत नहीं मिलने से निराश निवेशकों की बिकवाली का असर आज भी घरेलू शेयर बाजार पर दिखा जिससे यह गिरावट लेकर बंद हुये। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 155अंक गिरकर 35387.88 अंक पर और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 60.75 अंक लुढ़कर 10741.10 अंक पर बंद हुआ।

बड़ी कंपनियों की तुलना में मझौली कंपनियों में कम बिकवाली हुयी जबकि छोटी कंपनियां बढ़त बनाने में सफल रही। इससे बीएसई का मिडकैप 0.27 प्रतिशत उतरकर 16024.86 अंक पर रहा जबकि स्मॉलकैप 0.06 प्रतिशत बढ़कर 17536.01 अंक पर रहा।



बीएसई का सेंसेक्स करीब 100 अंकों की गिरावट लेकर 35452.35 अंक पर खुला और लिवाली के जोर पकड़ने पर यह 35543.89 अंक के उच्चतम स्तर तक चढ़ा। इसीबीच बिकवाली शुरू हो गयी जिससे यह 35241.63 अंक के निचले स्तर तक उतर गया।

अंत में यह पिछले दिवस के 35543.94 अंक की तुलना में 155.06 अंक अर्थात0.44 प्रतिशत गिरकर 35387.88 अंक पर रहा। इसी तरह से एनएसई का निफ्टी 50 अंकों की गिरावट के साथ 10751.95 अंक पर खुला और लिवाली के बल पर शुरूआत में ही 10790.45 अंक के उच्चतम स्तर तक चढ़ा। इसी दौरान बिकवाली शुरू हो गयी जिससे यह 10699.70 अंक के निचले स्तर तक फिसल गया। अंत में यह पिछले दिवस के 10801.85 अंक की तुलना में 60.75 अंक अर्थात 0.56 अंक गिरकर 10741.10 अंक पर रहा। बीएसई के अधिकांश समूह गिरावट में रहे जिसमें एनर्जी 1.75 प्रतिशत, बैंकिंग 1.17 प्रतिशत और तेल एवं गैस 1.58 प्रतिशत प्रमुखता से शामिल है। बढ़त में रहने वालों में रियलटी 1.99 प्रतिशत, एफएमसीजी 1.65 प्रतिशत और टेक 0.11 प्रतिशत शामिल है। बीएसई में कुल 2757 कंपनियों में कारोबार हुआ जिनमें से 993 बढ़त में और 1645 गिरावट में रहे जबकि 119 में कोई बदलाव नहीं हुआ।

## बीएसएनएल ने सैप से की साझेदारी

**नई दिल्ली, आईएएनएस।** सरकारी दूरसंचार ऑपरेटर बीएसएनएल ने मंगलवार को एंटरप्राइज सोल्यूशन प्रोवाइडर सैप के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किया है, जिसके तहत दोनों कंपनियां मिलकर देशभर के उद्यमों के लिए नवोन्मेषी जीएसटी (वस्तु एवं सेवा कर) समाधान मुहैया कराएगी। यह भागीदारी बीएसएनएल की देशव्यापी पहुंच और सैप की मजबूत प्रौद्योगिकी पेशकश प्रदान करने में विशेषज्ञता को ध्यान में रखकर की गई है, ताकि जीएसटी का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित हो। बीएसएनएल के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक अनुपम श्रीवास्तव ने एक बयान में कहा, ₹हमारा लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि देश के हर शहर और गांव में हर व्यवसाय जीएसटी को अपनाए।

### बिजनेस सुर्खियां

## पी-नोट निवेश नौ साल के निचले स्तर पर

**नई दिल्ली, भाषा।** भारतीय पूंजी बाजारों में भागीदारों पत्रों ( पी - नोट ) के जरिए किए जाने वाला कुल विदेशी निवेश अप्रैल में घटकर एक लाख करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया जो इसका नौ साल का न्यूनतम स्तर है। यह गिरावट ऐसे समय में आई है जबकि सेबी ने पी-नोट के निवेश मार्ग का दुरुपयोग को रोकने के लिए नियम कड़े किए हैं। उल्लेखनीय है कि पी- नोट भारत में पंजीकृत विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक ( एफपीआई ) द्वारा उनके ऐसे विदेशी ग्राहकों को जारी किए जाते हैं जो भारत में निवेश तो करना चाहते हैं पर यहां पंजीकरण नहीं कराना चाहते हैं। भारतीय प्रतिभूति व विनिमय बोर्ड ( सेबी ) के आंकड़ों के अनुसार भारतीय बाजारों (इक्विटी ।


## सोने में गिरावट, चांदी भी 250 रुपये गिरी

**नई दिल्ली, भाषा।** स्थानीय आभूषण विक्रेताओं की ओर से कमजोर मांग और वैश्विक बाजार में धीमे रुख के बीच दिल्ली थोक सर्राफा बाजार में सोने भाव में 430 रुपये की गिरावट देखी गई। यह 32,020 रुपये प्रति दस ग्राम के स्तर पर आ गया। इसी प्रकार चांदी के भाव में भी 250 रुपये की नरमी दर्ज की गई और यह 40,650 रुपये प्रति किलोग्राम पर आ गया। इसकी प्रमुख वजह सिक्का ढालने वालों और औद्योगिक इकाइयों की ओर से चांदी का उठाव कम होना है। कल न्यूयॉर्क के बाजार में सोना इस साल के सबसे निचले स्तर 1,290.30 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गया। वहीं चांदी भी 1.52% गिरकर 16.24 डॉलर प्रति औंस पर रही।

# होंडा ने लॉच की दूसरी पीढ़ी की नयी अमेज

**नई दिल्ली ■ वार्ता**

प्रीमियम वर्ग की कार निर्माता कंपनी होंडा कार्स इंडिया लिमिटेड (एचसीआईएल) ने बुधवार को भारतीय बाजार में दूसरी पीढ़ी की नयी अमेज कार लॉच करने की घोषणा की जिसकी अखिल भारतीय शुरूआती एक्स शोरूम कीमत 5,59,900 रुपये है। कंपनी के अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी गाकू नाकानीशी ने यहां इस नयी कार को लॉच करने के मौके पर कहा कि नये प्लेटफॉर्म पर बनायी गयी दूसरी पीढ़ी की अमेज अपने ऑल-न्यू बोल्ड डिज़ाईन, इंटीरियर, बेहतर पॉवरट्रेन, उन्नत विशेषताओं और सुरक्षा टेक्नॉलॉजी के




जरिये प्रीमियम सेडान का अनुभव प्रदान करती है। उन्होंने कहा कि इस नयी कार में पहली बार डीज़ल सीवीटी टेक्नॉलॉजी दी गई है, जो ड्राईविंग का शक्तिशाली और सुगम अनुभव प्रदान करती है। उन्नत सीवीटी के साथ यह होंडा का पहला डीज़ल इंजन है। यह टेक्नॉलॉजी सबसे पहले भारत में लॉन्च की जा रही है। उन्होंने कहा कि ग्राहकों की पंसद एवं आवश्यकता पर आधारित बाजार सर्वेक्षण के बाद होंडा आर एंड डी एशिया प्रशांत कंपनी ने इस नयी कार को विकसित किया है।

यह कार सबसे पहले भारतीय बाजार में उतारी गयी है और शीघ्र ही दुनिया के दूसरे बाजारों में भी पेश की जायेगी। उन्होंने कहा कि इसे पेट्रोल और डीजल दोनों संस्करण में उतारा गया है। 1.2 लीटर आई वी टी ई सी पेट्रोल इंजन है जो 5 मैनुअल ट्रांसमिशन और सीवीटी ट्रांसमिशन से लैस है। मैनुअल ट्रांसमिशन 19.5 किलोमीटर प्रति लीटर और सीवीटी ट्रांसमिशन 19 किलोमीटर प्रति लीटर का माइलेज देता है। 1.5 लीटर आई डी टी ई सी डीजल इंजन भी 5 मैनुअल ट्रांसमिशन और सीवीटी ट्रांसमिशन में उपलब्ध है। मैनुअल ट्रांसमिशन 27.4 किलोमीटर प्रति लीटर का और सीवीटी ट्रांसमिशन 23.8 किलोमीटर प्रति लीटर का माइलेज देता है। श्री नाकानीशी ने कहा कि नयी अमेज में 420 लीटर का बूट स्पेश है जबकि पुरानी अमेज यह 400 लीटर थी।

## भारत का परिधान निर्यात 22.76% घटा

**नई दिल्ली, भाषा।** देश के परिधान निर्यात में इस साल अप्रैल माह में 22.76% की गिरावट दर्ज की गई। परिधान निर्यात संवर्धन परिषद (एईपीसी) ने सरकारी आंकड़ों के हवाले से कहा है कि अप्रैल 2018 में भारत का आरएमजी निर्यात लगभग 1.34 अरब डालर रहा जो अप्रैल 2017 में 1.74 अरब डालर रहा था। रुपये के लिहाज से यह निर्यात अप्रैल 2018 में 21.40% घटकर 8859.67 करोड़ रुपये रह गया। यह अप्रैल 2017 में 11272.24 करोड़ रुपये रहा था। ताजा आईआईपी आंकड़ों के अनुसार भारत का परिधान विनिर्माण भी मार्च महीने में 18.6% घटा जबकि अप्रैल मार्च 2017-18 में इसमें 11% की गिरावट आई। परिधान निर्यात संवर्धन परिषद (एईपीसी) के चेयरमैन एचकेएल मागू ने इस गिरावट पर कहा,'वैश्विक परिधान निर्यात गिरावट के रुख के चलते अक्तूबर से ही निर्यात में गिरावट आ रही है।' उन्होंने कहा है,'जीएसटी और आरओएसएल (राज्यों के करों पर रिबेट) के लगातार बकाए से धारणा प्रभावित हो रही है और उम्मीद है कि सरकार इस बारे में तुरंत ध्यान देगी।'

## आरकॉम के शेयर 20.5% लुढ़के

**नई दिल्ली , भाषा।** रिलायंस कम्यूनिकेशंस ( आरकॉम ) और उसकी दो अनुषंगी कंपनियों के खिलाफ एरिक्सन की दिवालिया कंपनी कानून के तहत दायर याचिका राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण ( एनसीएलटी ) में दाखिल कर लिए जाने के एक दिन बाद आरकॉम का शेयर 20.5 प्रतिशत गिर गया। बंबई शेयर बाजार ( बीएसई ) में यह शेयर शुरुआती कारोबार में 20 प्रतिशत गिरकर 9.95 रुपये पर आ गया था। बीएसई पर दोपहर के कारोबार में समूह की अन्य कंपनियों के शेयरों में गिरावट रही। रिलायंस नेवल एंड इंजीनियरिंग के शेयर 6.23 प्रतिशत , रिलायंस निप्पॉन लाइफ एसेट मैनेजमेंट के शेयर 2.70 प्रतिशत , रिलायंस पावर के शेयर 1.19 प्रतिशत और रिलायंस कैपिटल के शेयर 1 प्रतिशत तक गिर गए। एनसीएलटी ने स्वीडन की एरिक्सन कंपनी एरिक्सन की ओर से पेश दिवाला शोधन याचिका दाखिल कर ली।


## लॉर्ड्स क्लोरो ऐल्कली लिमिटेड

सीआईएन : L24117RJ1979PLC002099

पंजी. कार्यालय : एसपी-460, मत्स्य औद्योगिक क्षेत्र, अलवर-301030 (राजस्थान)

कार्पोरेट कार्यालय : ए 264, प्रथम तल, डिफेंस कालोनी, नई दिल्ली-110024

फोन : +91-11-46865999, 41627937, फैक्स : +91-11-46865930, ई-मेल : secretarial@lordschloro.com, वेब : www.lordschloro.com

**31 मार्च, 2018 को समाप्त तिमाही और अवधि हेतु लेखापरीक्षित एकल वित्तीय परिणामों का संक्षिप्त विवरण** (रू. लाख में)

| विवरण | तिमाही समाप्त 31-03-2018 (लेखापरीक्षित) | वर्ष समाप्त 31-03-2018 (लेखापरीक्षित) | तिमाही समाप्त 31-03-2017 (अलेखापरीक्षित) |
|---|---|---|---|
| कुल आय | 5,646.65 | 17,005.85 | 4,305.21 |
| अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (कर, अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों से पूर्व) | 578.41 | 1,461.17 | 200.54 |
| अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) कर पूर्व (अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों के पश्चात) | 578.41 | 1,461.17 | 200.54 |
| अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) कर पश्चात (अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों के पश्चात) | 266.64 | 847.21 | 74.89 |
| वर्ष हेतु कुल समावेशी आय खजिसमें अवधि हेतु लाभ/(हानि) (कर पश्चात) तथा अन्य समावेशी आय (कर पश्चात) सम्मिलित है, | 226.71 | 815.63 | 77.67 |
| प्रदत्त इक्विटी शेयर पूंजी (अंकित मूल्य रू. 10/- प्रत्येक) | 2,515.39 | 2,515.39 | 2,515.39 |
| प्रति शेयर अर्जन (रू. 10/- प्रत्येक का) (जारी प्रचालनों हेतु) : | | | |
| (क) मूल | 0.90 | 3.24 | 0.31 |
| (ख) तनुकृत | 0.90 | 3.24 | 0.31 |

नोट्स :

क) उपरोक्त विवरण सेबी (सूचीयन दायित्व और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 के विनियम 33 के तहत स्टॉक एक्सचेन्जेज में प्रस्तुत किए गए 31 मार्च, 2018 को समाप्त तिमाही एवं वर्ष हेतु लेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का संक्षिप्त विवरण है। चतुर्थ तिमाही एवं समाप्त वर्ष हेतु लेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों का पूर्ण विवरण स्टॉक एक्सचेन्जेज की वेबसाइट www.bseindia.com तथा कम्पनी की वेबसाइट www.lordschloro.com पर उपलब्ध है।

ख) लेखापरीक्षा समिति द्वारा पुनरीक्षित उपरोक्त परिणाम निदेशक मंडल द्वारा दिनांक 16 मई, 2018 को सम्पन्न उनकी बैठक में अनुमोदित किए गए हैं।

ग) कम्पनी ले 01 अप्रैल, 2017 से भारतीय लेखांकन मानक (आईएनडी एएस) अपनाए हैं और तदनुसार 31 मार्च, 2018 को समाप्त तिमाही एवं वर्ष हेतु लेखापरीक्षित एकल तिमाही वित्तीय परिणाम कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 133 के साथ पठित तदधीन विरचित संबद्ध नियमों के तहत निर्धारित (आईएनडी एएस) में निर्धारित मान्यता और मापन मानदंडों के अनुसार तैयार किए गए हैं।

घ) आईएनडी एएस तथा सेबी (सूचीयन दायित्व और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 की अपेक्षा के अनुसार, 31 मार्च, 2017 को समाप्त तिमाही तथा 31 मार्च, 2018 को समाप्त वर्ष संगत पूर्व हेतु राजस्व उत्पाद शुल्क सहित प्रतिवेदित किया गया है। भारत सरकार ने उत्पाद शुल्क, सेवा कर तथा विभिन्न अन्य अप्रत्यक्ष करों के स्थान पर 01 जुलाई, 2017 से माल एवं सेवा कर (जीएसटी) लागू किया है। आईएनडी एएस के अनुसार - राजस्व, 31 मार्च, 2018 को समाप्त तिमाही हेतु प्रतिवेदित राजस्व में जीएसटी सम्मिलित नहीं है। यदि पूर्व प्रतिवेदित राजस्व में उत्पाद शुल्क सम्मिलित नहीं होता, तो कम्पनी का तुलनात्मक राजस्व निम्नानुसार होता :

| विवरण | तिमाही समाप्त 31-03-2018 (लेखापरीक्षित) | वर्ष समाप्त 31-03-2018 (लेखापरीक्षित) | तिमाही समाप्त 31-03-2017 (अलेखापरीक्षित) |
|---|---|---|---|
| कुल आय (उत्पाद शुल्क सम्मिलित नहीं) | 5,646.65 | 16,594.74 | 3,806.24 |

वास्ते लॉर्ड्स क्लोरो ऐल्कली लिमिटेड

हस्ता./-

अजय विरमानी

(प्रबंध निदेशक)

डीआईएन : 00758726

स्थान : नई दिल्ली

तिथि : 16-05-2018